an>

Title: Need to approve proposal of Gujarat Government to construct Ring Road in Gir Wildlife Sanctuary by the Central Government

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली) **: महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार को यह जानकारी देना चाहता हूं कि मेरे क्षेत्र गुजरात में अफ्रीकन-एशियन सिंह की संख्या गुजरात में और खास कर सौराष्ट्र में सासन-गिर में इतनी ज्यादा संख्या बढ़ गयी है कि वहां के रहने वाले स्थानीय लोगों के लिए रहने की बहुत दिक्कत रहती है। सासन-गिर 1412 किलोमीटर का अभ्यारण्य का क्षेत्र है। इसमें छः राष्ट्रीय राजमार्ग निकलते हैं और कई छोटे-छोटे रास्ते भी निकलते हैं। इसकी वजह से शेरों के विचरण में बाधा पहुंचती है और उनका शिकार भी हो सकता है। गुजरात सरकार ने वन्य जीव बोर्ड के माध्यम से वर्ष 2011 में एक प्रपोज़ल केन्द्र सरकार को भेजा था कि 270 किलोमीटर का वहां रिंग रोड बनाया जाए, जिसकी लागत छः सौ करोड़ रुपये है। मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि गुजरात सरकार द्वारा भेजे गए प्रपोज़ल को केन्द्र सरकार जल्द से जल्द मंजूरी दे।**